
# रामपुर प्रताप में हर घर पहुंचा नल से जल: जल जीवन मिशन से वर्षों का पेयजल संकट खत्म

सुरेंद्र प्रताप सिंह | तारुन (अयोध्या), अयोध्या
2 घंटे पहले


जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकी।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔
+Follow us
फीडबैक दें

Download App from

अयोध्या के तारुन ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामपुर प्रताप में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई है। ओवरहेड पानी टंकी चालू होने के बाद वर्षों से पेयजल संकट झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

यह योजना करीब 221.35 लाख रुपए की लागत से तैयार की गई है। इसके तहत 15.04 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जिससे गांव के 402 घरों तक जल संयोजन उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से 1135 से अधिक ग्रामीण आबादी लाभान्वित हो रही है।

नियमित जलापूर्ति शुरू होने से ग्रामीणों में काफी उत्साह है। गांव की महिलाओं ने बताया कि अब उन्हें पानी के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे उनके समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है।

जल जीवन मिशन के अधिशाषी अभियंता अरविंद यादव ने जानकारी दी कि सरकार की मंशा के अनुरूप हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि जलापूर्ति सुचारु रूप से बनी रहे। ग्रामीणों ने इस परियोजना को गांव के विकास में एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

फीडबैक दें

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- ग्रह स्थिति उत्तम है। आप अपने अनुभव और ज्ञान से कोई खास काम पूरा करने में सक्षम रहेंगे। किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर भी मिल सकता है। घर

और पढ़ें

Download on the App Store

Follow us on






दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं ➔

+Follow us

## खबरें और भी हैं...

### तारुन में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 227 मरीजों का उपचार: गांव-गांव पहुंचीं स्वास्थ्य सेवाएं, निशुल्क परीक्षण व दवाएं उपलब्ध




तारुन (अयोध्या) ›

शेयर



Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

फीडबैक दें